कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 86/2026

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 05.03.2026

थाना– निजामाबाद

➡ **पुलिस मुठभेड़ में गोकशी की घटना में संलिप्त हिस्ट्रीशीटर शातिर गोतस्कर घायल/गिरफ्तार**

➡ **पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग, आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई**

➡ **अवैध तमंचा, जिन्दा/खोखा कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद**

➡ **गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, चोरी, मारपीट, फायरिंग, आपराधिक षड्यंत्र व पशु क्रूरता जैसे गंभीर अपराधों में 17 से अधिक मुकदमे दर्ज**

➡ **अपराध एवं गोतस्करी के विरुद्ध अभियान में बड़ी सफलता, फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दबिश जारी**

डॉ० अनिल कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं गोतस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 04.03.2026 को थाना निजामाबाद पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर शातिर गोतस्कर को पुलिस मुठभेड़ में घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया।

घटना का विवरण

दिनांक 04.03.2026 को थाना निजामाबाद पुलिस टीम रंगभरी होली के दृष्टिगत शांति व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान सेन्टरवा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि थाना महराजगंज के मु0अ0सं0 22/2026 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम में वांछित अभियुक्त मेराज एवं उसका साथी नासिर बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल से बड़हरिया के रास्ते ग्राम नेवादा की ओर छुट्टा पशुओं की तलाश में जा रहे हैं।

➡सूचना पर पुलिस टीम द्वारा नेवादा पुल के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय पश्चात संदिग्ध मोटरसाइकिल सवारों को रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु वे भागने लगे। पीछा किए जाने पर अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। आत्मसमर्पण की चेतावनी के बावजूद लगातार फायरिंग किए जाने पर आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें एक अभियुक्त घायल हो गया, **जिसके दाहिने पैर में गोली** लगी है तथा दूसरा अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया।

➡घायल अभियुक्त को समय **लगभग 22:25 बजे नेवादा पुल के पास झाड़ियों** से गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

गिरफ्तार/घायल अभियुक्त

1-मेराज पुत्र सुफियान निवासी कसाई मोहल्ला (तिग्गीपुर), थाना निजामाबाद, जनपद आजमगढ़ उम्र लगभग 30 वर्ष

फरार अभियुक्त

नासिर पुत्र सहाबुद्दीन उर्फ शब्बू निवासी कसाई मोहल्ला, कस्बा निजामाबाद, जनपद आजमगढ़

(गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत)

बरामदगी

- एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर
- दो अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर
- दो अदद खोखा कारतूस .315 बोर
- एक अदद एंड्रायड मोबाइल
- एक अदद मोटरसाइकिल (चोरी की/बिना नम्बर प्लेट)
- ₹840/- नगद

पूछताछ/अपराध का तरीका

- ➡ अभियुक्त अपने साथी नासिर के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से गौकशी की घटनाएं करता था।
- ➡ दिन में ग्रामीण/कस्बाई क्षेत्रों में घूमकर छुट्टा पशुओं की रेकी कर सुनसान स्थान चिन्हित करता था।
- ➡ रात्रि में बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल से पहुंचकर पशुओं को पकड़कर एकांत स्थान पर ले जाता था।
- ➡ पहचान छुपाने व विरोध की स्थिति में भय उत्पन्न करने हेतु अवैध तमंचा साथ रखता था।
- ➡ घटना के बाद स्थान बदलकर अवैध मांस की बिक्री से आर्थिक लाभ अर्जित करता था।
- ➡ पुलिस सक्रियता बढ़ने पर मार्ग व क्षेत्र बदलकर वारदात को अंजाम देता था।

पंजीकृत अभियोग

मु0अ0सं0– 59/2026 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना निजामाबाद, जनपद आजमगढ़
(अभियुक्त थाना महराजगंज के गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित मुकदमे में भी वांछित है।)

आपराधिक इतिहास

अभियुक्त मेराज एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट तथा विभिन्न धाराओं में चोरी, मारपीट आदि के कुल 17 से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।

1.	203/15	3/5ए/8 गोबध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधि0	निजामाबाद	आजमगढ़
2.	233/22	323,336,34,504,506 भादवि	निजामाबाद	आजमगढ़
3.	408/22	3/5/8गोबध निवारण अधिनियम	निजामाबाद	आजमगढ़
4.	43/23	3/5/8गोबध निवारण अधिनियम	निजामाबाद	आजमगढ़
5.	77/23	3/5A/8गोबध निवारण अधिनियम व 4/25 आर्म एक्ट	निजामाबाद	आजमगढ़
6.	70/23	379,411,34,120 बी भादवि	मुबारकपुर	आजमगढ़
7.	72/23	3/5/8गोबध निवारण अधिनियम	निजामाबाद	आजमगढ़
8.	144/25	3/25आर्म्स एक्ट	निजामाबाद	आजमगढ
9.	77/23	379,411,34,120 बी भादवि	मुबारकपुर	आजमगढ़
10.	81/23	120-B, 25, 307, 34, 411, 413, 414, 420, 467, 468, 471 भादवि 3/5ए/8 गोबध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रुरता व 3/25 आर्म एक्ट	मुबारकपुर	आजमगढ़
11.	36/23	379,411,34 भादवि	रौनापुर	आजमगढ़
12.	250/23	3(1)यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट	मुबारकपुर	आजमगढ
13.	262/25	115(2), 126(2), 351(3), 352बीएनएस	निजामाबाद	आजमगढ
14.	53/23	379,411,34 भादवि	सिधारी	आजमगढ़
15.	54/23	379,411,34 भादवि	सिधारी	आजमगढ़
16.	380/23	457,380,411 भादवि	फूलपुर	आजमगढ़
17.	22/2026	3/5/8 गोबध नि0 अधि0	महराजगंज	आजमगढ

मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम

1. हीरेन्द्र प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष
2. उ0नि0 चित्रांशु मिश्रा
3. उ0नि0 चन्द्रजीत यादव
4. का0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह, का0 अवधेश कुमार यादव, का0 सुशील कुमार, थाना निजामाबाद, जनपद आजमगढ़

5.

उत्तर प्रदेश पुलिस